तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जामगांव आर में लोकतंत्र के महापर्व में उमड़ा उत्साह, 84 फीसदी ...



11 58 स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा नहीं यात्रियों को ...



# जिले के 19213 परीक्षार्थियों को आज मिलेगा उनके परिश्रम का फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली गई कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम आज जारी किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रेसनोट जारी कर बताया कि हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम आज 12:30 बजे घोषित किया जाएगा।

जिले में कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 19213 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। कक्षा दसवीं के 10833 और कक्षा बारहवीं के 8380 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। इस साल जिला प्रशासन ने बच्चों के पीछे बहुत मेहनत की है, अब जिले के कितने होनहार बच्चे टॉप टेन में जगह बनाकर प्रदेश भर में जिले का नाम रौशन कर पाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

आपको बता दें कि मई महीने के पहले सप्ताह तक रिजल्ट की घोषणा होने का कयास लगाया जा रहा था, लेकिन 7 मई को तीसरे चरण का चुनाव होने के कारण विलंब हो गया। परीक्षा परिणाम को लेकर परीक्षार्थियों के साथ ही शिक्षक तथा पालकों की भी नजरें टिकी हुई हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस बार जिले में शिक्षा विभाग की मेहनत रंग लाएगी और परिणाम अच्छा आएगा।

## छत्तीसगढ़ माशिमं आज जारी करेगा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम




### बच्चों के साथ पालकों व शिक्षकों को भी इंतजार

आपको बता दें कि मार्च माह में ही 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं समाप्त हो गई थीं। परीक्षा के तुरंत बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू कर दिया गया था। अप्रैल माह में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच हो चुकी थी। गुरुवार को बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आएगा, ऐसे में छात्र–छात्राओं के साथ ही पालक और शिक्षक सभी बेसब्री से रिजल्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त च्वाइस सेंटर, कम्प्यूटर सेंटर सहित कई संस्थाओं को भी रिजल्ट का इंतजार है, क्योंकि घोषणा होने के बाद परिणाम देखने और प्रिंट निकालने के लिए उनकी संस्थाओं में छात्रों की भीड़ लगने वाली है।

## खबर संक्षेप



### आठ बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** बाइक चोरी को लेकर पुलिस सजग हो गई है। मामले में पुलिस एक युवक व अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से पुलिस ने 3 लाख रुपए का आठ बाइक जब्त किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि चोरी के आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने चोरी का वीडिया जारी किया था। उसमें शामिल आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी रही। पुलिस ने हुलिये के आधार पर खुर्सीपार से 13 वर्षीय बालक की जानकारी मिली। उसे पकड़कर पुलिस ने पूछताछ करने पर वार्ड 31 सर्वेंट क्वाटर सेक्टर 9 निवासी राहूल महानंद के बारे में पता चला। पुलिस ने उसे पकड़कर लाया और बाइक चोरी को लेकर पूछताछ किया।

### बैंक से कार लोन फर्जी तरीके से निकाला, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बैंक से कार लोन लेने के लिए फर्जी नाम व दस्तावेज तैयार कर ठगी करने का मामला सामने आया है। बैंक प्रबंधन ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि बैक ऑफ बडोदा शाखा गंजपारा दुर्ग में ऋण अधिकारी के रुप में अवधेश कुमार बिसेन पदस्थ है। कार लोन के लिए नीलेश्वर जोशी कौशिक राम गोयल बनकर बैंक के दस्तावेजो मे अपना फोटो चिपकाकर व कौशिक राम गोयल का फर्जी हस्ताक्षर कर ऋण राशि 12 लाख 22 हजार 755 रूपये स्वीकृत कराकर लोन लेकर ठगी किया। आरोपी निलेश्वर कुमार के द्वारा कूटरचना कर दस्तावेज पेश कर बैंक से लोन लिया। नीलेश्वर कुमार जोशी ने अपना नाम कौशिक राम गोयल बताया उसके बाद बैंक कार्यस्थल जयश्री टाईल्स एण्ड हनुमंत कन्सट्रक्शन पुरई रोड ग्राम हनोदा उत्तई बताया था। उसका वर्तमान आवासीय पता गुरूनानक नगर, बिखली,और स्थाई निवास सन ऑफ भगवानी राम, मकान 8 स्ट्रीट 21 बीपीसीएल पेट्रोल पंप के पास पुष्पक नगर होना बताया था। चार पहिया वाहन लोन के लिए दस्तावेज के साथ बैंक पहुचा था। लोन की गारंटी के तौर पर एक महिला को अपनी पत्नी जिसका नाम शकुन बाई गोयल होना बताया था। बैंक अधिकारियों ने सभी दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया जो सही पाया गया। उसके बद वाहन खरीदने के बाद आरोपी निलेश्वर कुमार जोशी ने लोन का एक भी किश्त बैंक में नहीं पटाया।

### बारिश से मिली राहत शाम को चली ठंडी हवाएं

**दुर्ग।** पिछले दिनों से लगातार भीषण गर्मी ने लोगों को हालाकान कर रखा है। मंगलवार को देर शाम झमाझम बारिश से राहत मिली है। बारिश से तापमान में जहां गिरावट दर्ज की गई है, वहीं ठंडी हवा चलने से लोगों को सुकून मिला है। हांलाकि बारिश के बाद उमस भी बढी है। पश्चिम से नमी युक्त गर्म हवा के साथ ही प्रदेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बन गया है। गर्म हवा के साथ अरब सागर से पर्याप्त मात्रा में नमी भी पहुंचने लगी है। ऐसे में दो दिन तेज धूप के बाद एक बार फिर मौसम बदल गया है। प्रदेश के ऊपर बना साइक्लोनिक सर्कुलेशन आसपास के बादलों को भी खींच लिया है, इसलिए दुर्ग सहित आसपास के जिलों में आगामी दिनों बारिश होने की संभावना बन गई है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुतबिक बारिश के चलते जिले के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में एक बार गिरावट होना तय है। बहरहाल दुर्ग का पारा 43 डिग्री तक पहुंच चुका है।

## परेशानी : अतिक्रमण व अव्यवस्था की भेंट चढ़ रहीं सुविधाएं

# तालाबों को भरने छोड़ा पानी, सड़क पर बह रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरकारी भूमि पर लगातार हो रहे अतिक्रमण के कारण शहर की मुलभूत सुविधाओं के लिए निर्माण कार्यों के लिए जगह की कमी के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, व्यवस्था बनाने के लिए जिम्मेदार लोगों की लापरवाही भी इसका बड़ा कारण है। शहर के तालाब को भरने खरखरा नहर से पानी छोड़ा गया है। लेकिन, इस बीच केनाल से पालिका की नाली तक पहुंचने से पहले पानी सड़क पर बहता है और उसके बाद वह नाली तक पहुंचता है। इससे बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। ऐसी स्थिति हर साल निर्मित होती है।

सड़क पर पानी बहने से एक ओर जहां इसकी बर्बादी हो रही है, वहीं आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, आसपास रहने वाले कुछ लोग सड़क पर ही अपने वाहन को धो रहे हैं, तो कुछ महिलाएं तो घर के बर्तन व कपड़ो की धुलाई तक सड़क पर ही कर रही हैं। बच्चे भी सड़क पर बह रहे पानी में मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इस तरह की स्थिति हर साल देखने को मिलती है। सड़क पर बह रहे पानी की समस्या का समाधान कर केनाल से डायरेक्ट नाली में पानी पहुंचाने की व्यवस्था पालिका प्रशासन आज तक नहीं कर पाई।

जानकारी के अनुसार यह स्थिति कई दशकों से है। लेकिन जिला बने बारह साल बीत जाने के बाद भी जिला मुख्यालय में इस बड़ी समस्या का समाधान अब तक नहीं किया गया है, जबकि हर साल तालाबों के लिए पानी लिया जाता है। लिहाजा आज भी सड़क पर बह रहे पानी से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में निस्तारी के लिए शहर के सबसे बड़े बूढ़ा तलाब को भरने इस बहते हुए पानी की छोटी नालियों के माध्यम से तालाब तक पहुंचाया जा रहा है।

### नाली के लिए जगह नहीं : पार्षद

नगर पालिका प्रशासन के पार्षद व जल सभापति योगराज भारती ने कहा कि पानी नहर नाली से होकर सड़क में बहते हुए नाली में जाने का मुख्य कारण स्रोत नहीं है। बालोद पहले गांव था तो गांव के हिसाब से बनाया गया था, अब शहर बन गया है। लोगों ने धीरे-धीरे घर बनाते हुए नाली को पाट दिया। यानि कि लोगों ने अतिक्रमण कर लिया, जिससे यह स्थिति बनी हुई है। जल सभापति योगराज भारती ने कहा कि यह नहीं बन सकता, क्योंकि सबका घर बन चुका है और घर वाले कोई अपना जगह नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि भले ही लोग नगर पालिका की जगह को घेर कर रख सकते हैं, लेकिन शहरवासियों के निस्तारी के लिए जगह नहीं दे सकते।

## नीट के प्रभावित बच्चों के लिए फिर से परीक्षा लें या बोनस अंक दें : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा बालोद में आयोजित नीट 2024 की परीक्षा में गलत प्रश्न पत्र वितरण किए जाने के संबंध में विधायक संगीता सिन्हा ने प्रधानमंत्री और एनटीए को पत्र लिखा है। विधायक श्रीमती सिन्हा ने पुनः परीक्षा लेने या बोनस अंक देने की मांग की है।



- संजारी-बालोद विधायक ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को लिखी चिट्ठी

पत्र में कहा गया है कि 5 मई 2024 को एनटीए द्वारा नीट 2024 की परीक्षा ली गई थी, जिसमे मेरे विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद छ.ग को शासकीय बालक आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम पर परीक्षा केन्द्र 170501 बनाया गया था। परीक्षा के प्रारंभ में परीक्षार्थियों को जो प्रश्न पत्र वितरित किया गया था, उसे परीक्षा प्रारंभ होने के लगभग 50 मिनट पश्चात वापस ले लिया गया। उसके बाद त्रुटिवश पहले गलत प्रश्न पत्र वितरित हो गया था, यह कहकर दूसरा प्रश्न पत्र वितरित किया गया। इस घटनाक्रम के बाद परीक्षार्थियों ने नुकसान हुए 50 मिनट के बदले केन्द्राध्यक्ष से अतिरिक्त समय दिये जाने का अनुरोध किया, लेकिन उन्हें अतिरिक्त समय दिये बिना पूर्व निर्धारित समय पर ही उत्तरपुस्तिका जमा करवा लिया गया।

श्रीमती सिन्हा ने कहा है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में इस तरह की लापरवाही परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसकी जांच किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस घटना से परीक्षार्थियों एवं पालकों में रोष व्याप्त है।

## नालसा व सालसा की संचालित योजनाएं वरिष्ठजनों के अधिकार की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- लीगल एंड डिफेंस कौसिल सिस्टम व पैरालीगल वालिंटियर्स का प्रशिक्षण

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में लीगल एंड डिफेंस कौसिल सिस्टम एवं पैरालीगल वालिंटियर्स के लिए पैरालीगल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित 'स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कैलेंडर 2024' के तहत अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश वृजेन्द्र कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में तथा श्रीमती निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नालसा व सालसा द्वारा संचालित योजनाएं, वरिष्ठजनों के अधिकार, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण अधिनियम, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, हमर अंगना स्कीम, सचेत अभियान, निःशुल्क विधिक सहायता व कानूनी अधिकारों के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा आगानी नेशनल लोकअदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान लीगल एंड डिफेंस कौसिल बेमेतरा के चीफ दिनेश तिवारी व डिप्टी चीफ तथा असिस्टेट गीता दास तथा पैरालिगल वालिटियस उपस्थित रहे।

## स्काउट-गाइड ने मतदाता मित्र के रूप में किया सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान जिले में 703 छात्र-छात्राओं ने निभाई सहभागिता

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07- दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा,बेमेतरा और नवागढ़ में 7 मई को हुए मतदान में सभी मतदान केद्रों में 703 स्काउट गाइड द्वारा मतदाता मित्र के रूप में अपनी सेवाएं दी।

जिसमें प्रमुख रुप से बुजुर्गों, शारीरिक रूप से अक्षम, दिव्यांगों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए सुविधाओं को उपलब्ध करने में छात्र- छात्राओं ने सहयोग प्रदान किया गया। साथ ही स्काउट गाइड द्वारा मतदाताओं को पानी पिलाने, बूथ क्रमांक बताना आदि कार्यों को बहुत ही उत्साहपूर्वक पूर्ण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द अग्रवाल के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट डॉ. कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन में सराहनीय कार्य किया।



## लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कलेक्टर शर्मा ने सभी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिले में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी पर जताई प्रसन्नता

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024-संसदीय क्षेत्र 07-दुर्ग अन्तर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68-साजा, 69-बेमेतरा व 70-नवागढ़ में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदान कार्य में आम मतदाताओं, प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

कलेक्टर श्री शर्मा जारी आभार संदेश में कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की सहभागिता रही। स्काउट-गाईड के बच्चों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र, छात्राओं व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई। मतदान दलों ने प्रतिबद्धतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मैदानी अमलों ने



निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने में तत्परता दिखाई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में स्वीप टीम एवं शासकीय अमलों ने बेहतरीन कार्य किया। जिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक निटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा एवं नियंत्रण,एमसीएमसी, लाइव वेबकास्टिंग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य सभी जन को अच्छा कार्य करने के लिए प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कुसुमकसा में निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने लगाए आरोप

# सड़क व नाली निर्माण में लापरवाही शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य के तहत कुसुमकसा में नाली निर्माण व पाइप पुलिया कार्य में लापरवाही व गुणवत्ताहीन कार्य का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। वहीं, डामरीकृत सड़क के किनारे बिना बेस किए चेकर टाइल्स बिछाए जाने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ जगह पर टाइल्स अभी से दबने लगी है।

ग्रामीणों ने बताया कि बस स्टैंड चौक पर सड़क के दोनों छोर से ग्राम में जाने वाली मुख्य सड़क पर बिना बेस के पाइप पुलिया डालने का विरोध करने के बाद भी निर्माण एजेंसी सुधार नहीं किया। वहीं, पुलिया बनाने के लिए डाली गई पाइप उसके दोनों ओर की नाली से नीचे है। इससे पूरे पानी का बहाव नहीं हो पाएगा, बल्कि कुछ पानी और गंदगी वहां जमा रहेगी। वहीं, पुलिया के दोनों छोर



पर नाली के बीच में कुछ जगह छूटी हुई है। डॉ देवेंद्र माहला प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत उक्त सड़क का निर्माण गुणवत्ताहीन हो रहा है। डामरीकृत सड़क में कई जगह पेंच वर्क हुआ है। पुलिया की जगह सड़क दब गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्य को निर्माण एजेंसी के भरोसे छोड़ दिया है। इसी तरह पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने आरोप लगाया कि उक्त सड़क निर्माण के प्रारंभ से ही कुसुमकसा में निर्माण एजेंसी मनमाने ढंग से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बाद भी किसी तरह की जांच व कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के एसडीओ से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

### चिन्हांकन के बाद फिर तुड़वा दी दीवार

इसी तरह संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के जिम्मेदारों की गलती के कारण यहां के निवासियों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुसुमकसा बस स्टैंड चौक से दल्लीराजहरा की ओर लगभग 100 मीटर दूर डाक्टर भूपेंद्र मिश्रा के मकान में पुराने बाउंड्रीवॉल को सड़क निर्माण की सीमा में होने की जानकारी देते हुए चिन्हांकित किया गया। उसके बाद मकान मालिक ने बाउंड्रीवाल को तुड़वा और चिन्हांकित सीमा के भीतर नई बाउंड्रीवॉल बनवाई। लगभग एक माह बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी व निर्माण एजेंसी ने फिर उक्त दीवार को निर्माण सड़क व नल-जल योजना के अंदर आने की बात कहते हुए फिर से तोड़ने को कहा। इस पर मकान मालिक ने नवनिर्मित बाउंड्रीवाल को फिर तुड़वाया। लेकिन, दूसरी बार बाउंड्रीवाल को तोड़ने के चार माह बाद भी नाली निर्माण का कार्य चालू नहीं हो पाया है। वहीं, फिर से न तोड़ना पड़ जाए, इस डर से वह दीवार को फिर से बनवा भी नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाली का निर्माण जल्द किया जाए, जिसके बाद ही वे बाउंड्रीवाल का निर्माण करवा पाएंगे। बता दें कि सड़क के एक छोर पर लगभग 100 मीटर नाली का निर्माण होना बाकी है।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने, बनेगी टीम

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा आगामी दिनों अक्ती पर्व के दिन बहुतायत संख्या में होने वाले विवाह के दिन अफसरों को खास मानिटरिंग करने के निर्देश दिए गए है। राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना को रोकने के लिए सतर्क है। जिले में बाल विवाह के रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए गए है। बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर टीम बनाई जाएगी। टीम के सदस्य द्वारा संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी की जाएगी। साथ ही बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। जिले के नागरिकों से बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह की सूचना मिलने पर दूरभाष क्रमांक एवं चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नंबर 1098 संपर्क कर सकेगें। कलेक्टर ने जिले के जनप्रनिधियों एवं स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों से बाल विवाह को रोकने में सहयोग की अपील की है।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### आचार संहिता के बाद होगी डीएमई की नियुक्ति

**रायपुर।** डॉ. विष्णु दत्त के सेवानिवृत होने के बाद रिक्त चिकित्सा शिक्षा संचालक के पद पर नई नियुक्ति आचार संहिता शिथिल होने के बाद किए जाने की संभावना है। वर्तमान में डीएमई का कामकाज प्रभारी के द्वारा चलाया जा रहा है। चिकित्सा शिक्षा संचालक के इस पद के लिए वरिष्ठता के आधार पर जगदलपुर के डीन डॉ. यूएस पैंकरा का नाम सबसे आगे हैं। वहीं अनुभव के आधार पर रायपुर मेडिकल कालेज के एक विभागाध्यक्ष की नाम चर्चा में हैं। इसके साथ ही अनुमान लगाया जा रहा है कि जुलाई माह में कुछ शासकीय मेडिकल कालेज के डीन भी बदले जा सकते हैं।

### तीरंदाजी प्रशिक्षण का आयोजन

**रायपुर।** प्रतिवर्षानुसार एकलव्य खेलकुंद प्रकल्प के अंतर्गत वनवासी विकास समिति द्वारा 12 से 18 वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के लिए तीरंदाजी प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग 10 मई से 30 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का शुल्क मात्र 300 प्रति प्रतिभागी रखा गया है, इस प्रशिक्षण के माध्यम से तीरंदाजी के साथ साथ, जनजाति समाज के विभिन्न खेल, नैतिक, सामाजिक संस्कार /मूल्यों का ज्ञान एवं बौद्धि, शैक्षिक अभ्यास कराया जायेगा, उचित प्रशिक्षण और मंच प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा।

### बड़ी संख्या में लोग कर रहे हवाई सफर

**रायपुर।** छुट्टियों का समय होने की वजह से बड़ी संख्या में लोग सैर-सपाटे में वक्त बिता रहे हैं। इसकी वजह से रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली उड़ानों में काफी संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। विमानतल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक बीते सप्ताह 47 हजार से अधिक यात्रियों ने आवाजाही की है। रायपुर से अभी 13 शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती है। यहां से नए शहरों और पुराने शहरों के लिए पुनः उड़ान संचालित किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

### दो ई-रिक्शा चोरी

**रायपुर।** काठाडीह स्थित शराब दुकान के सामने खड़ा एक ई-रिक्शा पार हो गया। प्रार्थिया सौम्या बाजपेयी ने चोरी की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है। घटना 4 मई को दोपहर डेढ़ बजे की है। चोरी ई-रिक्शा की कीमत 70 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। एक अन्य घटना में आजाद चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत गरीब नवाब मोटर बाड़ी शॉप के पास जीई रोड से अज्ञात चोर ई-रिक्शा चोरी कर ले गया। घटना 6 मई को रात 11 बजे की है। चोरी हुए ई-रिक्शा की कीमत 85 हजार रुपए है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मो. तालिफ खान ने दर्ज कराई है।

### पानी के छींटे लगने पर विवाद, जानलेवा हमला

**रायपुर।** तालाब में नहाते समय पानी के छींटे लगने की बात पर एक व्यक्ति पर धारदार वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। आरंग पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध केस पंजीबद्ध किया है। घटना 6 मई की शाम 7 बजे ग्राम चरोदा स्थित पचरी तालाब की है। प्रार्थी बलीराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना के समय तालाब में नहा रहा था। इस दौरान पानी के कुछ छींटे पचरी के पास बैठे रवि धीवर, पीलू धीवर और चंदन धीवर पर जा गिरे। इस बात पर तीनों ने उसके साथ विवाद करते हुए उस पर धारदार वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं।

### गायत्री परिवार की हुई बैठक शुरू होगी ग्राम तीर्थयात्रा

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार में अखंड दीप के 100 वर्ष पूरे होने पर गायत्री परिवार द्वारा ग्राम तीर्थयात्रा की शुरुआत की जा रही है। अखंड दीप को पूरे देशभर में भ्रमण कराया जाएगा। इस संबंध में अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार से रायपुर पहुंचे ऋषि पुत्रों द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक विगत दिनों हुई।

# सुबह बिजली की खपत 45 सौ, दोपहर को पांच हजार, पीक ऑवर में साढ़े पांच हजार मेगावाट


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गर्मी भीषण तेवर दिखा रही है, पारा 42 से 43 डिग्री तक जा रही है, लेकिन जहां तक बिजली की खपत का सवाल है तो मई में बिजली की खपत के तेवर ज्यादा गर्म नहीं हैं। मार्च में ही बिजली की खपत 63 सौ मेगावाट के पार हो गई थी, लेकिन इस समय खपत पीक ऑवर में भी छह हजार मेगावाट तक भी नहीं पहुंच रही है। एसी और कूलर तो थोक में चल रहे हैं, लेकिन कृषि पंप 80 फीसदी बंद हो गए हैं, इसलिए खपत का ग्राफ भी नीचे आ गया है। इस समय स्थिति यह है कि सुबह के समय खपत 45 सौ मेगावाट, दोपहर में पांच हजार मेगावाट के आसपास और शाम को पीक ऑवर में खपत 55 सौ मेगावाट तक ही जा रही है। ऐसा होने से पॉवर कंपनी को भी राहत है, क्योंकि कंपनी का उत्पादन बमुश्किल 25 सौ मेगावाट होता है, बाकी बिजली सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ती है। आने वाले समय में खपत और कम होगी, जब पूरे कृषि पंप बंद हो जाएंगे। प्रदेश में लगातार बिजली के उपभोक्ता बढ़ते जा रहे हैं, यही वजह है कि अब बिजली की खपत भी लगातार बढ़ने लगी है। पहले कभी फरवरी और मार्च के माह में इतनी खपत नहीं होती थी, जितनी अब होने लगी है। अब तो ठंड के समय ही खपत चार हजार मेगावाट के पार हो जाती है। इसके पीछे का एक और कारण मौसम भी है। अब गर्मी का मौसम महज चार माह का नहीं रहता है। उमस के कारण भी खपत बढ़ जाती है। पिछले साल तो बारिश के मौसम में खपत छह हजार मेगावाट के पार चली गई थी।

## कृषि पंपों का लोड कम होने से राहत, अब छह हजार मेगावाट तक नहीं जा रही है खपत

### मार्च में सबसे ज्यादा खपत

इस बार भीषण गर्मी से पहले ही मार्च में बिजली की खपत ने तीखे तेवर दिखाए। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि इसी माह से कृषि पंप चलने लगते हैं। कृषि पंपों पर ही रोज की खपत पांच से छह सौ मेगावाट हो जाती है। इसी के साथ अब फरवरी से ही एसी और कूलर चलने लगे हैं। मार्च में तो गर्मी के तेवर और तेज हो गए तो इस माह जून जैसी गर्मी होने के कारण खपत ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस माह ही खपत के 63 सौ मेगावाट के पार हो गई।



### मई में राहत

बिजली की खपत ने जिस तरह से तेवर मार्च में दिखाए, इसके बाद अप्रैल में भी खपत छह हजार मेगावाट के पार जा रही थी, उससे लग रह था कि इस बार खतप 65 सौ मेगावाट के पार चली जाएगी। करीब इतनी खपत की संभावना को देखते हुए ही पॉवर कंपनी ने इस बार सेंट्रल सेक्टर से एक हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली की मांग की थी, लेकिन खपत 65 सौ मेगावाट के पार नहीं गई और अप्रैल से कृषि पंपों के बंद होने का सिलसिला प्रारंभ हुआ और अब मई के पहले सप्ताह में 80 फीसदी तक कृषि पंप हो गए हैं। ऐसे में खपत अब छह हजार मेगावाट तक भी नहीं जा रही है।

## स्पेशल ट्रेनों में किराया अधिक देकर कर यात्री लेटलतीफी से हो रहे परेशान

# 58 स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा नहीं यात्रियों को पानी और नाश्ता भी नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों को ट्रेन में भीड़ का सामना न करना पड़े इसलिए रेलवे ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य के प्रमुख शहरों के लिए 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी है, लेकिन अब यही ट्रेन यात्रियों की परेशानी बन चुकी है। इन ट्रेनों के नाम के आगे सिर्फ स्पेशल शब्द जुड़ा है, ट्रेन को जरा भी तवज्जो नहीं दी जा रही है। इन स्पेशल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री अधिक किराया देकर भी ट्रेन की लेटलतीफी से खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। घंटों विलंब से चल रही स्पेशल ट्रेनों से यात्री परेशान हैं। इतना ही नहीं इन ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा भी नहीं है। ई-कैटरिंग की सुविधा भी चुनिंदा स्टेशनों में मिल रही है। इस वजह से जहां-तहां ट्रेन को रोक देने से यात्रियों को भोजन और पानी की भी दिक्कत हो जाती है। नियमित ट्रेनों के मुकाबले स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों से भाड़ा अधिक लिया जा रहा है, लेकिन सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। नियमित ट्रेनें में भी कहीं गंदगी फैली पड़ी है, तो किसी कोच में पानी नहीं है, तो कहीं एसी नहीं चलने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यात्री इसकी शिकायत एक्स के माध्यम से रेलवे से कर रहे हैं।

**छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों के लिए रेलवे ने दी है 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा**



### पेंट्रीकार ने बढ़ाई यात्रियों की समस्या

लंबी दूरी की स्पेशल ट्रेनों में पेंट्रीकार नहीं होने से यात्रियों को भूखे पेट ही सफर करना पड़ रहा है। ट्रेन के विलंब होने से समस्या और बढ़ गई है। ई-कैटरिंग के जरिए कहीं भी तत्काल खाना नहीं मिल पाता है। स्पेशल ट्रेनों में ना ही पानी, चाय, कॉफी की व्यवस्था है और ना ही खाने को कुछ मिल रहा है। अगर यात्री घर खाना लेकर नहीं चल रहे हैं, तो उन्हें भूखे पेट ही सफर करना होगा। स्पेशल के नाम पर यात्रियों को कोई विशेष सुविधा नहीं दी जा रही है।

### 14 घंटे लेट चली निजामुद्दीन समर स्पेशल

जोन से होकर गुजरने वाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही हैं। निजामुद्दीन समर स्पेशल 14, आजाद हिंद एक्सप्रेस 21 और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 10 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंची। आजाद हिंद एक्सप्रेस और उत्कल एक्सप्रेस की चाल महीनों से बिगड़ी हुई है। पंजाब के किसान आंदोलन की वजह से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पिछले चार दिन से प्रभावित चल रही है। रविवार को भी अमृतसर से आने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 10 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंची।

### आजाद हिंद व उत्कल एक्स की बिगड़ी चाल

पुणे-हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस और पुरी- ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस की चाल महीनों से बिगड़ी हुई है, पिछले तीन महीनों में यह ट्रेन दो या चार दिन ही समय पर पहुंच कर आगे रवाना हुई लेकिन अपने स्थान से छूटने से लेकर गंतव्य तक पहुंचने में लेटलतीफी के लिए इन ट्रेनों ने नया रिकॉर्ड बना लिया है।

### नहीं सुधर रहा ट्रेनों का समय

बिलासपुर जोन से चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस चार दिन से समय पर नहीं चल रही है। पंजाब में हुए किसान आंदोलन की वजह से 15 घंटे विलंब हुई एक ट्रेन शेड्यूल अभी तक नहीं सुधर पाया है। तीन दिन पहले जो ट्रेन यहां से 10 घंटे विलंब से रवाना हुई थी वही ट्रेन रविवार को दोपहर 12 बजे आने की बजाय 10 घंटे विलंब से रात 10 बजे बिलासपुर पहुंची। शनिवार को पहुंचने वाली हावड़ा से पुणे जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस 21 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंचकर आगे रवाना हुए। पुरी-निजामुद्दीन समर स्पेशल ट्रेन 14 घंटे, सूरत से मालदा टाउन जाने वाली मालदा एक्सप्रेस 14 घंटे, पुरी से ऋषिकेश जाने वाली कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 8 घंटे और पुणे हटिया एक्सप्रेस 3 घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंचकर गंतव्य को रवाना हुई। इसके अलावा और भी ट्रेनें हैं जो 2 घंटे तक विलंब से चलीं।

# शराब दुकानों में ब्रांड का टोटा नहीं मिल रही पसंद की मदिरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- दुकानों में मीडियम रेंज की शराब की किल्लत

राजधानी के शराब दुकानों में लोगों को पिछले कुछ दिनों से मीडियम रेंज की शराब नहीं मिल रही है। आगामी महीने में नई प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा शराब की बिक्री की जाएगी। इसके चलते पुरानी प्लेसमेंट एजेंसी शराब आपूर्ति करने पर ध्यान नहीं दे रही है।

शराब दुकान के सेल्समैन ने बताया कि दुकानों में ज्यादातर चर्चित ब्रांड की शराब की आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके चलते ग्राहकों में गुस्से के साथ निराशा के भाव हैं। कुछ दुकानों में ही मीडियम रेंज की शराब की सही तरीके से आपूर्ति हो रही है। गौरतलब है कि अंग्रेजी शराब दुकान के साथ प्रीमियम शॉप में भी लोगों को उनक मनपसंद ब्रांड की शराब नहीं मिल पा रही है।

### इन ब्रांड का टोटा

राजधानी की अधिकांश शराब दुकानों से सभी ब्रांड की रम पूरी तरह से गायब हो गई हैं। साथ ही मीडियम रेंज की शराब में आरसी, आरएस, ब्लेंडर स्प्राइड, सिग्नेचर, एंटीक्विटी के साथ ही वोदका में जो कम प्रचलन में है, उस तरह की शराब मिल रही हैं। इसी तरह से बीयर में बटवाइजर, मैग्नम, हैवर्ड फाइव थाउजेंड, एनिकेन, काशबर्ग ब्रांड की बीयर ग्राहकों को नहीं मिल पा रही है। ज्यादातर शराब दुकानों में बीयर के नाम पर केवल सिंबा ही उपलब्ध है। शराब की अनुप्लब्धता को लेकर अफसरों से संपर्क करने पर अफसरों ने किसी भी तरह से संतोषजनक जवाब नहीं दिया। साथ ही व्यवस्था में जल्द सुधार होने का दावा किया।

### चुनाव की वजह से व्यवस्था चरमराई

शराब दुकान के कर्मी के मुताबिक ज्यादातर अफसर इन दिनों चुनाव ड्यूटी में व्यस्त हैं, इस वजह से भी शराब की सही ढंग से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस वजह से लोगों को उनकी मनपसंद ब्रांड के शराब नहीं मिल पा रही है। दुकान कर्मी के मुताबिक चुनाव संपन्न होने के बाद व्यवस्था में सुधार हो सकता है और लोगों को उनकी मनपसंद ब्रांड की शराब सही तरीके से मिल सकती है।

## आंबेडकर अस्पताल में दो दर्जन स्थानों पर लगी है ठंडा पानी की मशीन

# गर्मी बढ़ी तो कम पड़ने लगे वाटर कूलर मरीजों के हिस्से में आ रहा गर्म पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तापमान का पारा चढ़ने के बाद तेरह सौ बेड वाले आंबेडकर अस्पताल के मरीज एवं कर्मचारियों की प्यास बुझाने के लिए दो दर्जन वाटर कूलर कम पड़ने लगे हैं। लगातार उपयोग की वजह से मरीजों के हिस्से में गर्म पानी आ रहा है।

यहां उतनी ही संख्या में ठंडे पानी की नई मशीन लगाने की योजना थी, जो भरी गर्मी में पूरी नहीं हो पाई है। सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में सुबह के वक्त ओपीडी, भर्ती मरीज, चिकित्सकीय सहित स्टाफ मिलाकर करीब तीन हजार लोग मौजूद रहते हैं। इसमें डाक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों को छोड़ दिया जाए तो करीब ढाई हजार लोगों की प्यास बुझाने की जिम्मेदारी वहां 25 स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलरों पर होती है। आसानी से उपलब्ध स्थलों का चयन कर वहां वाटर कूलर लगाए गए हैं, जहां से मरीज और अन्य लोग आवश्यकता के मुताबिक पानी ले सकते हैं। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से गर्मी बढ़ने की वजह से लगाए गए वाटर कूलर कम पड़ने लगे हैं और लगातार उपयोग की वजह से उसमें पानी ठंडा नहीं हो पा रहा है और मरीजों को गर्म पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। दोपहर बाद और रात में आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है, मगर तकलीफ ओपीडी के वक्त होती है, जब यहां लोगों की सबसे अधिक भीड़ होती है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा गर्मी को देखते हुए वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाने के लिए खरीदी की योजना बनाई गई थी, मगर तेज गर्मी के दौरान यह काम पूरा नहीं हो पाया था।

### इमरजेंसी गेट पर योजना अधूरी

अस्पताल के इमरजेंसी गेट की तरफ आने वाले मरीजों तथा अन्य लोगों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मुख्य गेट के बाहर एक वाटर कूलर लगाने का प्रस्ताव दिया गया था मगर काम अधूरा पड़ा है। इस ओर आने वाले मरीजों को ओपीडी पंजीयन क्षेत्र अथवा प्रथम तल में जाकर पानी का इंतजाम करना पड़ता है।

### तीन माह पहले टंकी की सफाई

अस्पताल के मरीजों और चिकित्सकीय स्टाफ जिस वाटर कूलर का पानी पीते हैं, उसकी सप्लाई भवन के ऊपर बनी टंकियों के माध्यम से की जाती है। गर्मी की शुरुआत होने से पहले फरवरी के अंतिम दिनों पर टंकियों की सफाई की गई थी, मगर इसमें नियमितता नहीं होती। टंकी से पानी वाटर कूलर तक पहुंचने से पहले फिल्टर किया जाता है, जिसके लिए मशीन लगाई गई है।

**नीबू पानी के बहाने आंगन बाड़ी और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से भाजपा का प्रचार कराने का आरोप**

# पुरानी बस्ती सरस्वती स्कूल मतदान केंद्र के सामने धरने पर बैठे विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- मामले को लेकर कलेक्टर से चर्चा

मतदान केंद्रों के बाहर नीबू शरबत बांटने के बहाने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने आंगन बाड़ी और स्वास्थ कार्यकर्ताओं से भाजपा का प्रचार के विरोध में रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय सरस्वती स्कूल के सामने धरने पर बैठे। उन्होंने मामले को लेकर कलेक्टर से चर्चा की। कलेक्टर ने ऐसा करने वालों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब धरना समाप्त किया।

रायपुर लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने मंगलवार को जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, मतदान के दो दिन पूर्व रायपुर कलेक्टर ने पोलिंग बूथों में तंबू लगाकर नीबू पानी और शरबत पिलाने का आदेश जारी किया, जो विभिन्न समाजिक संस्थाओं और एनजीओ के माध्यम से होना था। कुछ संस्थाओं द्वारा मुझे जानकारी प्राप्त हुई कि शरबत और नीबू पानी पिलाने के बहाने भाजपा और जिला प्रशासन ने मतदाताओं को भाजपा के एजेंट के माध्यम से भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करने की आशंका थी। उन्होंने कहा मैंने दो दिन पूर्व ही रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह को आगाह किया था। मंगलवार सुबह से ऐसी जानकारी लगी कि भाजपा के एजेंट पोलिंग बूथ के अंदर उन स्टालों में जहां शरबत और नीबू पानी बांटा जा रहा है, वहां भाजपा का गमझा और अन्य प्रचार सामग्री लेकर भाजपा के पक्ष में वोट की अपील कर रहे हैं।



### चुनाव आयोग के निर्देश की अवहेलना

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग के जारी निर्देश के अनुसार किसी भी राजनीति पार्टी का व्यक्ति पोलिंग स्टेशन के 100 मीटर के दूर ही रहेगा। यहां पर पोलिंग स्टेशन के इतने नजदीक प्रशासन की नाक के नीचे ऐसा कृत्य हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के बूथ एजेंट पोलिंग बूथ के अंदर नरेंद्र मोदी की फ्रोटो लगी वाली डायरी और पेन का इस्तेमाल कर रहे हैं और प्रशासन मौन है। क्या यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है।

### कलेक्टर के आश्वासन पर धरना समाप्त

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, महेंद्र छाबड़ा, विनोद तिवारी, कन्हैया अग्रवाल सहित कई पार्षद और नेता कार्यकर्ता साथियों के साथ पुरानी बस्ती के पोलिंग बूथ के बाहर चक्का जाम कर धरना दिया, बाद में कलेक्टर रायपुर के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

## बीते साल 137 योजनाएं आई थीं सालभर में, पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच

# रियल एस्टेट में नई योजनाओं की रफ्तार धीमी, चार माह में रेरा में 60 का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रियल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक चार माह में 60 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

### चार माह में 60 योजनाएं

नए साल 2024 में चार माह में अब तक 60 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेश भर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। कांग्रेस सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।




### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुई। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुई। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं।

इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल ने सार्थक को बताया मराठी समाज का गौरव



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ आजीवन सभासद रविंद्र और वैशाली मोहरिल के सुपुत्र सार्थक मोहरिल ने आईसीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98.20 प्रतिशत अंक हासिल कर नगर में टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। महाराष्ट्र मंडल ने सार्थक की इस उपलब्धि को मराठी समाज का गौरव व शालेय विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद बताया है। अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते सहित समस्त कार्यकारिणी ने सार्थक को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। दिव्य महाराष्ट्र मंडल से बातचीत में सार्थक ने बताया कि उन्होंने अपनी पढ़ाई के लिए कोई शेड्यूल नहीं बनाया था। जब मन लगता तो पढ़ने के लिए बैठ जाते थे।

### भाजपा ने महिलाओं को ठगा नहीं निकली मतदान करने

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देने की घोषणा भाजपा ने की थी। सरकार बनने के बाद केवल गरीब महिलाओं को इसका लाभ दिया गया। लोकसभा चुनाव में शहर की चार विधानसभा सीटों पर कम मतदान महिलाओं की नाराजगी को बयां कर रही है। महिलाए अपने घर से वोट करने नहीं निकली। उन्होंने कहा, 15 साल सत्ता में रही भाजपा सरकार जनता के हित में मुलभूत सुविधाओं पर कोई काम नहीं किया। अब फिर सत्ता में आकर जनता को गुमराह कर रही है, इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता लोकसभा चुनाव में भाजपा की सफाया करने वाली है।

### शराब की अवैध बिक्री कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर ।** शराब की अवैध रूप से बिक्री करते एक कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोबरा नवापारा पुलिस को सूचना मिली कि पहलाद कोसरे निवासी सतनामीपारा शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस उसके कब्जे से 10 पौवा शोले देशी मसाला शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 11 सौ रुपए है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 6 मई को दोपहर 12.30 बजे माना बस्ती नहर पुलिया के पास की है। घटना के दिन कार क्रमांक-04 केवाय-9775 के चालक ने लापरवाही व तेज गति से कार चलाते हुए बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी थी, जिससे संजू निर्वांस निवासी रोटरी नगर हीरापुर की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना में बाइक पर सवार इरफान और आरिफ को भी चोटें आई हैं। माना कैंप पुलिस ने इस मामले में कार चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**अदालतः—व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, व्यवहार न्यायालय साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// समन //**

**अदालत जनाबः-**

मुकदमा नंबरः- 19 अ / 2024 प्रोसेस नंबरः- 141/2024

रमेश - मुद्दई

आमजनता- मुद्दालेह

**बनामः**- आम जनता, ग्राम- गोडमर्रा, थाना परपोडी तहसील- देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

रमेश पिता नंदलाल उम्र 68 साल जाति तेली, निवासी ग्राम गोडमर्रा थाना परपोडी तहसील देवकर जिला- बेमेतरा (छ.ग.) ने आम जनता, ग्राम- गोडमर्रा थाना परपोडी तहसील देवकर जिला- बेमेतरा (छ.ग.) के विरूद्ध दावा वास्ते सिविल डेथ की घोषणा का मुकदमा इस बाबत दायर किया है कि, सुनीता, गोडमर्रा थाना परपोडी तहसील देवकर जिला- बेमेतरा (छ.ग.) लगभग 17-18 वर्षों से लापता होने के कारण उसकी सिविल मृत्यु हो गई है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 09.05.2024 को प्रातः 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये। गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान्-प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि पेशी तारीख को किसी कारणवश अवकाश रहता है तो आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी।

यह आज तारीख 04.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

**(विवेक केरकट्टा)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी**
**साजा, बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

# वार्डों में मलबा एकत्रित करने बनाए गए कलेक्शन सेंटर निगरानी का सिस्टम ठप, खुले स्थानों पर मलबा

**नगर निवेश के इंजीनियरों को मिला था निगरानी का जिम्मा**

**धूल और वायु प्रदूषण के खतरे से बचाने निगम ने बनवाये मलबा कलेक्शन सेंटर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वार्डों में मलबा एकत्रित करने नगर निगम द्वारा बनाये गये कलेक्शन सेंटर की निगरानी नहीं होने से शहर में निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान निकलने वाला मलबा सड़क पर खुले में फेंका जा रहा है। इससे आम जनता को जहां आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं बेतरतीब बिखराये गये मलबा से धूल और वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ा है, जबकि निगम आयुक्त ने अलग-अलग वार्डों में बनाये गये मलबा कलेक्शन सेंटर की निगरानी की जिम्मेदारी नगर निवेश विभाग के इंजीनियरों को दी है। निर्देश यह भी है कि खुले में मलबा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जायेगा।

दरअसल, शहर में निर्माण और तोड़फोड़ कार्य के दौरान उत्पन्न होने वाले मलबा को सड़क पर एकत्रित करने की जगह एक निश्चित स्थान पर संग्रहण करने नगर निगम प्रशासन ने वार्डवार मलबा कलेक्शन सेंटर बनाये। मकसद ये रहा कि खुले में मलबा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगे और मलबा कलेक्शन सेंटर में एकत्र निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट को हीरापुर के प्रसंस्करण यूनिट में परिवहन कर फिर से उपयोग लायक बनाया जाये।



## मलबा कलेक्शन के इन जगहों पर बनाए हैं सेंटर

- माधवराव सप्रे वार्ड - लिमाही तालाब के पास साहू समाज भवन के समीप इंद्रप्रस्थ रोड रायपुरा
- भक्त कर्मा माता वार्ड - पीएस सिटी, विनायक सिटी के पास
- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड - दलदल सिवनी इंदिरा स्मृति वन के बाजू में, सड्डू अविवा उद्यान के सामने वाली जगह
- तात्यापारा वार्ड - नेमीचंद गली, अग्रसेन चौक के पास भैंसथान मैदान
- बालगंगाधर तिलक वार्ड - जनता कालोनी पानी टंकी के पास
- मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड - जनता कालोनी पानी टंकी के पास
- संतराम दास वार्ड - दिशा कालेज के पास रामनगर मुक्तिधाम कृष्णा नगर
- बाबू जगजीवन राम वार्ड - देवपुरी बस्ती, महात्मा गांधी नगर नाला महावीर नगर अमलीडीह
- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड - डूंडा स्कूल के पास
- पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड - वीआईपी रोड फुंडहर गोठान के पास, राजीव स्मृति वन के पीछे
- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड - संतोषी नगर चौक से तरुण बाजार चौक, त्रिमूर्ति मंदिर के पास, दुर्गा मंदिर के आगे मठपुरैना
- श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड - रावतपुरा फेस 1 सामुदायिक भवन रोड शासकीय स्कूल के पास पानी टंकी मठपुरैना
- चंद्रशेखर आजाद वार्ड - चौरसिया कालोनी गोठान के पास
- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड - सीएसईबी कालोनी डगनिया पानी टंकी शासकीय स्कूल के पास
- रानी लक्ष्मीबाई वार्ड - अशोका रतन पाम ब्लाजियो के सामने, शंकर नगर अशोका रतन रोड
- यतियतन लाल वार्ड - भनपुरी रोड बेस्ट प्राइज शॉपिंग मॉल भनपुरी गोठान

## पीपीपी मोड पर संचालन, 1 हजार महिलाओं को मिलेगा रोजगार

# मोवा में नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का ढांचा तैयार, चुनाव के बाद संचालन के लिए तय होगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास 45 हजार वर्गफीट जगह पर नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री खुलेगी, जिसमें 1 हजार महिलाओं को अनुबंधित एजेंसी निःशुल्क प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनायेगी। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण के बाद कारखाने में रोजगार मिलेगा। पीपीपी मोड पर गारमेंट फैक्ट्री का संचालन होगा। नगर निगम की योजना शाखा ने इसके लिए आरएफपी तैयार कर ऑनलाइन टेंडर किया है। लोकसभा चुनाव के बाद टेंडर खुलेगा, जिसमें एजेंसी तय होगी। चयनित एजेंसी 1 हजार सिलाई मशीन की खरीदी सहित अन्य संसाधन खुद के खर्च पर जुटाएगी।

- एजेंसी तय करने जल्द खुलेगा टेंडर

शहर के मोवा क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पीपीपी मोड पर गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने की तैयारी है। इसके लिए प्रथम चरण में 4 करोड़ रुपये का टेंडर कर नगर निगम ने प्रथम चरण में अनुबंधित एजेंसी से इंफास्ट्रक्चर खड़ा करने का काम पूरा करा लिया है। इसमें शेड का निर्माण, बाउंड्रीवॉल, साइड रोड का निर्माण, गंदे पानी के निकास के लिए ड्रेनेज सिस्टम, परिसर में पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही आउटर के डेवलपमेंट का काम शामिल है।





### 1 हजार सिलाई मशीन खरीदने नहीं आई स्वीकृति

15 करोड़ रुपये गारमेंट फैक्ट्री वाले प्रोजेक्ट में नगर निगम को 1 हजार सिलाई मशीन खरीदने 9 करोड़ रुपये की स्वीकृति शासन से मिलनी थी। इस राशि से नगर निगम सिलाई मशीन की खरीदकर चयनित एजेंसी को उपलब्ध कराता, पर शासन स्तर पर आज तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली। ऐसे में अब चयनित एजेंसी ही 1000 सिलाई मशीन की खरीदी कर प्रोजेक्ट को रन करेगी। नगर निगम को अनुबंधित एजेंसी केवल संबंधित जगह का किराया देगी।

### महिलाओं का चयन, निशुल्क प्रशिक्षण, रोजगार देगी एजेंसी

1000 सीटर गारमेंट फैक्ट्री में आसपास की महिलाओं का चयन कर उन्हें सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ फैक्ट्री में रोजगार उपलब्ध कराने का जिम्मा अनुबंधित एजेंसी का रहेगा। गारमेंट फैक्ट्री में महिलाएं जींस, ट्राउजर सहित ऐसे ही अन्य तरह के लेटेस्ट गारमेंट बनाना सीखेंगी। उनके द्वारा तैयार उत्पाद का मार्केट गारमेंट फैक्ट्री का संचालन करने वाली एजेंसी उपलब्ध करायेगी।

### दंतेवाड़ा में डेनेक्स नाम से कपड़ों का ब्रांड

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने वहां महिलाओं के सहयोग से वहां डेनेक्स नाम से कपड़ों का एक ब्रांड स्थापित किया है। यह अपनी तरह का एक अनूठा प्रयोग है। इसी थीम पर राजधानी रायपुर में नगर निगम द्वारा प्रथम चरण में 1 हजार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने गारमेंट फैक्ट्री पीपीपी मोड पर संचालित करने की तैयारी है।

# सवारी की जेब से उड़ाए 45 हजार, ऑटो चालक गिरफ्तार

**ऑटो चालक का साथी अभी भी फरार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के आमानाका क्षेत्र में ऑटो रिक्शा के चालक और उसके साथी ने बहाने से एक सवारी की जेब से 45 हजार रुपये पार कर दिए। घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया है, वहीं उसका साथी अभी फरार है।

देव बलौदा गौस्थल के पास भिलाई निवासी जानुल खान मनिहारी सामान फेरी करके अपना जीवन यापन करता है। सोमवार को अपनी पत्नी के साथ मनिहारी सामान लेने गोलबाजार रायपुर आया था। सामान लेने के बाद वे दोनों वापस जाने के लिए शारदा चौक से कुम्हारी के लिए ऑटो रिक्शा में सवार हुए। ऑटो जैसे ही बीच रास्ते में पहुंचा, उसके चालक प्रवेश पांडेय ने ऑटो में खराबी आने की बात कहते हुए वहां रोक दिया। इस दौरान चालक ने जानुल को ऑटो में बैठे-बैठे पैर से सीट में लगी पट्टी को धक्का देने के लिए कहा। इसके बाद ऑटो चालू हो गया। चालक ने फिर कुछ दूर जाकर ऑटो को रोक दिया और खराब होने का बहाना बनाकर जानुल और उसकी पत्नी को सामान सहित ऑटो से उताकर कर वहां से ऑटो सहित भाग गया। इस घटना के बाद जानुल को शंका होने पर जब उसने अपनी पेंट की जेब चेक की, तो उसमें रखे 45 हजार भी नहीं थे। उसे समझते देर नहीं लगी कि दोनों धक्का लगाने के बहाने उसकी जेब से रुपये चोरी कर ले गए। घटना के बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले में जांच शुरू करते हुए चालक को ऑटो के साथ गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के 42 हजार रुपये बरामद भी किए गए हैं। आरोपी का साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# ठेका श्रमिक की मौत से गुस्साए परिजनों ने नहीं लिया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सोमवार को सेक्टर नौ में पंप हाउस निर्माण कार्य के दौरान में ठेका श्रमिक की मौत से परिजन आक्रोशित हैं। मुआवजा और मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर गुस्साए परिजनों ने मंगलवार शव नहीं उठाया। परिजनों व यूनियन ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी होने पर ही मृत मजदूर का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

सोमवार की शाम करीब 4.30 बजे सेक्टर नौ पंप हाउस निर्माण के दौरान लेडर बिठाने के कार्य के दौरान बीएसपी के ठेका श्रमिक लाल बहादुर सिंह बीस फीट गड्ठे में गिरने से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए सेक्टर नौ हास्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था, जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक 52 वर्षीय लाल बहादुर ठेकेदार सुजीत पाल के अंधीन काम करता है।कंपनी के सुपरवाईजर आसाराम चौधरी के साथ सेक्टर नौ में बन रहे पंप हाउस के पैनल बिठाने के कार्य के दौरान नीचे गड्ठे में गिरने से सर पर गंभीर चोट लगने से उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक के शव को सेक्टर नौ अस्पताल के मर्च्युरी में रखा गया । मंगलवार को ठेका श्रमिक लाल बहादुर सिंह के परिवार और कुछ यूनियन के लोग मुआवजा को लेकर ठेकेदार और बीएसपी प्रबंधन से बात करने सेक्टर नौ हास्पिटल के मर्च्युरी पहुंचे। परिजन मुआवजे के साथ मृत मजदूर के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग कर रहे हैं। परिजनों ने बताया बात करने के लिए प्रबंधन के लोग और ठेकेदार भी नहीं पहुंचे । ठेकेदार नहीं पहुंचा और प्रबंधन के लोगों ने फोन तक नहीं किया किया। गुस्साए परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि जब तक मुआवजा और परिवार के सदस्य को नौकरी नहीं मिलेगी, अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मृत मजदूर का शव मर्च्युरी में रखा हुआ है। एक ओर परिवार नौकरी की मांग कर रहा है वहीं दूसरी ओर सूत्रों का कहना है कि मृत ठेका मजदूर की मौत बीएसपी में नहीं होने के कारण बीएसपी में नौकरी मिलना कठिन है। बताते हैं कि उसका दस लाख का का दुर्घटना बीमा भी नहीं हुआ है।



- बीएसपी में नौकरी और ठेकेदार से मुआवजे की मांग कर रहे परिजन

### परिवार हुआ बेसहारा

बीएसपी में कार्यरत ठेका मजदूर लाल बहादुर की दुर्घटना में मौत से परिवार बेसहारा हो गया है। परिवार में पत्नी एक बेटा 12 कक्षा में है और एक बेटी शंकराचार्य कॉलेज में इंजीनियरिंग की छात्रा है। परिजनों ने बताया कि घर में कोई और काम करने या घर चलाने वाला नही था । प्रबंधन से हम न्याय की उम्मीद कर रहा हैं लेकिन घटना के 24 घंटे बीतने के बाद भी कोई सुध लेने नहीं आया।मांग पूरी नही होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# गर्मी से राहत देने मतदान केंद्रों में ओआरएस और नीबू पानी का वितरण, छांव की भी व्यवस्था

**सामाजिक संगठनों की मदद से नगर निगम की व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भरी गर्मी में मतदान करने पहुंचे लोगों को सुकून देने के लिए केंद्रों में ओआरएस और नीबू पानी का वितरण किया गया। इसके साथ कड़ी धूप से लोग बीमार ना हों, इसलिए पंडाल लगाकर छांव की व्यवस्था की गई थी। मतदाताओं को सुविधा देने के लिए नगर-निगम ने विभिन्न सामाजिक संगठनों की मदद ली थाी। वहीं आवश्यक दवाओं और एंबुलेंस की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई थी।

तेज धूप के बीच मतदान करने आए लोगों की तबीयत का ख्याल रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा योजना बनाई गई थी। इसके लिए नगर-निगम और स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर विभिन्न संगठनों की मदद ली गई थी। केंद्रों में लंबी लाइन के बीच मताधिकार के लिए अपनी बारी का इंतजार करने वालों की प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी के साथ शर्बत और नीबू पानी की व्यवस्था भी की गई थी। धूप के दौरान लोग डिहाईड्रेशन का शिकार ना हों, इसे भी ध्यान रखा गया था और प्रत्येक मतदान केंद्र में मितानिन की टीम को ओआरएस के पैकेट के साथ तैनात किया गया था। इसके लिए एक निर्धारित स्थल पर ओआरएस कार्नर भी बनाए गए थे। मतदान से पहले और बाद में लोग ठंडे शर्बत और ओआरएस का उपयोग करते रहे। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी अस्पतालों की मदद से स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं वाले मेडिकल किट के साथ चिकित्सकीय टीम को तैनात किया था और दस मतदान केंद्रों के बीच एक एंबुलेस की व्यवस्था की गई थी। अधिकारियों के अनुसार एंबुलेंस अथवा दवाओं की जरूरत किसी भी इलाके में नहीं पड़ी।



### कई इलाकों में नाश्ते की व्यवस्था

शहर के कई मतदान केंद्रों के आसपास लोगों के लिए सामाजिक संगठनों द्वारा पोहा सहित अन्य नाश्तों की व्यवस्था की गई थी। कुछ एक हिस्सों में मठा के पैकेट भी बांटे जा रहा थे। इसके अलावा एक दो स्थानों पर दोपहर खाने के पैकेट की व्यवस्था भी लोगों के लिए की गई थी।

# भारतीय संविधान के नियमों को जानने की है जरूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. केपी यादव कुलपति मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर ने अपने उद्बोधन में अंबेडकर के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि डॉ. आरएस कुरील कुलपति महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संघर्षमय जीवन के बारे में प्रकाश डाला एवं उसके जीवन से प्रेरणा लेकर 16 से 18 घण्टे अपने लक्ष्य के लिए कार्य करने प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि आरएल खरे कुलसचिव ने अंबेडकर के लिखित संविधान में अधिकार के बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर अमित दीक्षित अधिष्ठाता उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय सांकरा ने अंबेडकर के महत्वपूर्ण कार्यों के ऊपर अपना विचार रखा एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील किया कि भारतीय संविधान को अच्छे से पढ़ें एवं अपने अधिकार को समझे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रिचा साव सहायक प्राध्यापक और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सेवन दास खुटे सहायक अध्यापक ने किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. गागेन्द्र सिंह राजपूत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### अकारण विवाद-मारपीट पत्थर से किया वार

**रायपुर।** सीएसईबी कॉलोनी गुढ़ियारी में बिट्टू नामक एक युवक ने प्रार्थी प्रमोद जंघेल निवासी कृष्णानगर गुढ़ियारी से बिना कारण विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की तथा पत्थर से वार कर फरार हो गया।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### कक्षा चौथी में सशिमं का रेहांश प्रथम



**अंडा।** सरस्वती शिशु मंदिर पिरीद के छात्र रेहांश साहू ने कक्षा चौथी में 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रेहांश की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य मेनका चंद्राकर एवं शिक्षिकाओं के साथ ही उनके दादा ग्राम कोंगनी निवासी सेवानिवृत्त व्याख्याता सीआर साहू, दादी कमला साहू व बेनबत्ती साहू पिताजी प्रशांत कुमार माता पुष्पांजलि तथा नाना-नानी टामेश्वर प्रसाद व चित्ररेखा साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था कर रहे त्रिलोक



**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक त्रिलोक साहू ने गर्मी को देखते हुए पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पेड़ पर मिट्टी के सकोरे रखकर पानी और दाने की व्यवस्था की है। ग्राम बोदल निवासी त्रिलोक साहू राष्ट्रीय सेवा योजना से लगभग 6 साल से जुड़े हुए हैं। यह निरंतर निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा में एवं समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं। इनके द्वारा ग्राम बोदल में अलग–अलग स्थान पर जाकर पेड़ों पर बेजुबान पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में उनकी भूख-प्यास मिटाने के लिए एक दर्जन से अधिक सकोरे पेड़ों पर लटकाए एवं इसे प्रतिदिन चारा पानी की व्यवस्था का संकल्प भी लिया। त्रिलोक साहू द्वारा गांव में नुक्कड़ नाटक, जन जागरूकता रैली, लेखन एवं गांव-गांव जाकर लोगों को जागरुक एवं प्रेरित करने का निरंतर काम कर रहे हैं।

### संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में पसरी गंदगी



**बालोद।** एक ओर जहां प्रशासन द्वारा जिले में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करते हैं तो वहीं दूसरी ओर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में गंदगी का अंबार है। कार्यालय में दर्जनों विभाग हैं जिनके आसपास भारी गंदगी है। ग्राउंड फ्लोर में महिला व पुरुष शौचालय है, बताते है कि जहां गंदगी की वजह से ताला लगाकर रखा हुआ है, जबकि उस गंदगी को सफाई कराकर लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने की आवश्यकता है तो वहीं कई ऐसे विभाग भी है जिनके कक्ष के बाहर शराब की खाली बोतलें पड़ी हुई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि संयुक्त जिला कार्यालय में स्थित कई विभिन्न विभागों के कर्मचारी यहां शराब का सेवन करते हैं और उसे परिसर के बाहर फेंकने के बजाए प्रदर्शनी लगाकर खुले जगह में रख दिए हैं। जिसे देखकर संयुक्त जिला कार्यालय की किरकिरी हो रही है।

**चुनाव : चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोट डालने उमड़े मतदाता**

# जामगांव आर में लोकतंत्र के महापर्व में उमड़ा उत्साह, 84 फीसदी से ज्यादा हुआ मतदान

**मतदान के बाद ली सेल्फी**

















जामगांव आर। इस बार लोकसभा चुनाव में सभी उम्र वर्ग के मतदाताओं ने सेल्फी जोन में फोटो खिंचवाने उत्साहित दिखाई दिए। अपना वोट डालने के बाद सोशल मीडिया में फोटो शेअर कर एक दूसरे को उत्साहित करते रहे। जामगांव आर क्षेत्र में मतदान 84 प्रतिशत से अधिक रहा। जामगांव आर, सुरपा, बेलहारी, बटरेल, भनसूली, धमना, गातापार के मतदाताओं मतदान के बाद सेल्फी लेकर फोटो शेयर किया।





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

चाक चौबंद पुलिसिंग व्यवस्था के बीच लोकसभा चुनाव शांति के साथ संपन्न हुआ। 85 वर्षीय दादी लूणी बाई केला को पोती पूजा ने मतदान कराया और सेल्फी जोन में फोटो ली। इस दौरान पोती ने कहा कि मेरा भारत बनेगा विश्व में महान।

इस चुस्त व्यवस्था के कारण केवल मतदाता एवं अपेक्षित लोग ही कैम्पस में नजर आए, जिससे मतदान स्थल पर शांति एवं सुकून भरा वातावरण काबिले तारीफ रही। मतदान केंद्र में सेल्फी जोन का भरपूर उपयोग मतदाताओं ने किए। सेल्फी जोन का उपयोग करने में महिलाओं ने अच्छी खासी रुचि दिखाई। मतदान दिवस की अल सुबह कुछ बारिश हुई और बादल छाए रहे। इंद्र देव की इस कृपा मात्र से तेज गर्मी के दिनों में सुबह लगभग 4 घंटे शीतल रही, तब तक 40 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। उसके बाद तेज धूप खिली, लेकिन मतदाताओं के उत्साह पर फर्क नहीं पड़ा। क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर ने मतदाताओं की जागरूकता का प्रमाण दिया। जामगांव आर मतदाता सूची के 1498 मतदाताओं में से 1267 मतदाताओं ने मतदान किया 84 .57 प्रतिशत मतदान हुआ।

### मतदाताओं ने ली सेल्फी

मतदान कार्य पूर्ण होने के बाद वहां बनाए गए सेल्फी जोन में मतदाताओं ने सेल्फी भी ली। कुछ लोगों ने जहां अकेले सेल्फी ली, वहीं कुछ मतदाताओं ने ग्रुप में सेल्फी लेकर लोकतंत्र के उत्सव में वोट देने पर प्रसन्नता का इजहार किया।





**मतदान के बाद ली सेल्फी**

















## आंधी-बारिश से मची अफरा-तफरी



**डौंडीलोहारा।** मंगलवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे नगर में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। बारिश की रफ्तार भी काफी तेज थी। लगभग आधे घण्टे के बाद रफ्तार धीमा हुई व आठ बजे तक बारिश बंद भी हो गई। बारिश के बाद मौसम में ठंडकता का एहसास हुआ व तेज गर्मी से लोगों को राहत भी मिली। दिनभर धूप छांव का खेल चलते रहा। देर शाम साढ़े छः बजे अचानक मौसम ने फिर करवट बदली व तेज हवाएं चलने लगीं। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि घर पर खुले में रखे सामान इधर उधर उड़ने लगे वहीं दुकानों के बाहर रखे गए सामान भी इधर उधर लुढ़कने लगे। हवा के साथ-साथ तेज बारिश भी हुई। तेज बारिश व हवा के चलते बिजली सप्लाई भी बंद रही। लगभग डेढ़ घण्टे के बाद बिजली व्यवस्था बहाल हुई। बिजली कर्मचारी से मिली जानकारी के अनुसार नगर के पुराने अस्पताल के पास स्थित पीपल के पेड़ की डंगाल टूटने के कारण बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे कर्मचारियों ने सुधारकर बिजली आपूर्ति बहाल की।

## विनायकपुर शाला में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुईं विविध प्रतियोगिताएं



**अंडा।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में विनायकपुर शाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग के आदेशानुसार व शाला के प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत के निर्देश पर

रेडक्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी देवांगन के मार्गदर्शन में छात्रों के लिए चित्रकला, निबंध व रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विश्व रेडक्रॉस दिवस थीम कीपिंग ह्यूमिनिटी अलाईव का बैनर मीरा साहू द्वारा बनाया गया। इसके माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया है कि जीवन में इंसानियत को बनाया रखना बहुत जरुरी है। इसी तरह चित्रकला के माध्यम से पायल ने रेडक्रॉस दिवस को प्रदर्शित किया। निबंध में प्रथम स्थान पलक तथा द्वितीय स्थान भेणु ने प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चों ने संकल्प लिया कि जिंदगी में ऐसे अवसर मिलते हैं जिसमें हमको दूसरे की सहायता करनी पड़ी, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। रेडक्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी देवांगन ने बताया कि रेडक्रॉस एक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी है, जिसका प्रमुख उद्देश्य रोगियों, घायलों तथा युद्धकालीन बंदियों की देखरेख करना है। उन्होंने बताया कि भारत में वर्ष 1920 में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ, तब से रेडक्रॉस के स्वंय सेवक विभिन्न प्रकार के आपदाओं में निरंतर निस्वार्थ भावना से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## खराब मौसम से तेंदूपत्ता खरीदी बाधित



**बालोद।** जिले में लगातार खराब मौसम के कारण अधिकांश समितियों में तेंदूपत्ता की खरीदी प्रभावित हुई है।हालांकि हल्की बारिश होने से पत्ते बर्बाद होने की जानकारी नहीं है, लेकिन बीते दो दिनों से सुबह और शाम मौसम खराब होने और गुणवत्ताहीन पत्ते की आवक की आशंका को ध्यान में रखकर अधिकांश समितियों में खरीदी बंद कर दी गईं है। लेकिन, आगामी कुछ दिनों बाद अंतिम दौर की खरीदी की जा सकती है। बीते शुक्रवार से वनांचल क्षेत्रों में हरा सोना अर्थात तेंदूपत्ता की खरीदी की शुरुआत की गई थी। इसके तहत वन विभाग द्वारा जिले की 17 समितियों के माध्यम से 252 संग्रहण केन्द्रों से तेन्दूपत्ता की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक कुल 18570.735 मानक बोरे खरीदी वन विभाग द्वारा की गई है, जो कुल खरीदी लक्ष्य का 72 प्रतिशत है। प्रशासन से विभाग को 25800 मानक बोरे खरीदी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें सबसे अधिक गैजी समिति में तेंदूपत्ता की खरीदी की गई है, जहाँ कुल 1859.250 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी की गईं है, वहां लक्ष्य से 103.29 प्रतिशत तेंदूपत्ता खरीदी किया गया है। बड़भूम समिति प्रबंधक जीएस उषारे ने बताया कि फड़ों में खरीदी के पत्ते को उलटाने का काम चल रहा है मौसम खुलने के पश्चात आगामी कुछ दिनों बाद पुनः खरीदी प्रारम्भ की जा सकती है।

- गुणवत्ता में खराबी की आशंका से समितियों ने बंद की खरीदी

### तहसीलवार बारिश का आंकड़ा दो दिनों में औसत 10.7 वर्षा

बीते दो दिनों में बालोद मे 4.6 मिली मीटर, गुरूर मे 16.0 मिली मीटर, गुण्डरदेही मे 16.8 मिली मीटर, डौण्डी मे 00 मिली मीटर, डौण्डीलोहारा मे 5.0 मिली मीटर, अर्जुन्दा मे 16.9 मिली मीटर, मार्री बंगला देवरी 15.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज किया गया है। इस तरह जिले में कुल 10.7 मिली मीटर औसत बारिश का दर्ज किया गया है।

**नवीन आचार्य प्रशिक्षण शिविर में दिया जा रहा है मार्गदर्शन**

# जिले के 37 सशिमं के 78 शिक्षक ले रहे प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला इकाई बालोद द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण शिविर में रात्रि कालीन बौद्धिक सत्र में ज्ञानवर्धक कवि सम्मेलन के माध्यम से प्रशिक्षकों को मार्गदर्शन किया गया।

राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक सीताराम साहू ने विविध रचनाओं के साथ अपने बहुत ही पुराने गीत बुझो बुझो गोरखनाथ अमृतवाणी बरसे कमरा भीजे ल पानी प्रस्तुत कर आत्मा एवं परमात्मा के गूढ़ रहस्य का मर्म बताया। पर्यावरण प्रेमी साहित्यकार केशव राम साहू ने पेड़ के महत्व के साथ देशभक्ति एवं संस्कार के विचारों से ओत–प्रोत रचनाओं का पाठ किया। कवि भारत बुलंदी ने बेटियों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए शंकर, पार्वती, गणेश, कार्तिक के वाहन संबंधी विषमताओं के बीच संतुलन बनाए रखने बाबत संदेश प्रस्तुत किया। वर्ग अधिकारी के रूप में प्रधानाचार्य झलमला दुलार सिंह पटेल, जिला समन्वयक दीपक हिरवानी, मुख्य शिक्षक सरस्वती शिशु मंदिर घोटिया युधिष्ठिर साहू अन्य प्रधानाचार्य में योगेश्वर साहू, विष्णु प्रसाद सिंघाड़े, चेमनलाल साहू, गोपाल पटेल, रोहिणी साहू आदि का मार्गदर्शन मिल रहा है। उक्त प्रशिक्षण वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर जिला बालोद के 37 विद्यालयों से 78 प्रतिभागी 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में शामिल हो रहे हैं।

प्रातः 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक का नियमित दिनचर्या के साथ देशभक्ति गीत, भजन, लघु कथा कहानी, खेलकूद के साथ छोटे बच्चों में ज्ञान प्राप्त करने की जिज्ञासा एवं संस्कार कैसे बने रहे इस पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिदिन संध्या भारत माता की सामूहिक आरती की जाती है।

ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष जागेश्वर साहू, सचिव नरेंद्र कुमार साहू, सह सचिव जयकांत पटेल, जयंत साहू, युगल किशोर साहू, सियाराम सार्वा आदि पदाधिकारी का भी मार्गदर्शन मिल रहा है।





